# भाषा शिक्षण एक कला

## विषय - हिंदी

## कक्षा - छठी

सौजन्य:

**कंचन वासन**
**अध्यापिका**
**सरकारी कन्या हाई स्कूल**
**शाहकोट (जालंधर)**



# भाषा शिक्षण एक कला

प्यारे बच्चो
हिंदी शिक्षण की आज की कक्षा में आपका स्वागत है। आज हम छठी कक्षा की पुस्तक के तीसरे पाठ ' जय जवान जय किसान ' के प्रश्न उत्तर लिखने जा रहे हैं।

मैंने पूरा प्रयास किया है कि आप सरलता से प्रश्न उत्तर समझ सकें।
धन्यवाद।।




**कंचन वासन**
**अध्यापिका**
**सरकारी कन्या हाई स्कूल**
**शाहकोट (जालंधर)**


लाल बहादुर शास्त्री
(1904-1966)
कार्यकाल
जून 09, 1964 - जनवरी 11, 1966

## निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर एक दो वाक्यों में लिखें:

(क) प्रश्न - ' जय जवान ! जय किसान !' का नारा किसने दिया ?

उत्तर-'जय जवान ! जय किसान !' का नारा श्री लाल बहादुर शास्त्री जी ने दिया था।

(ख) लाल बहादुर शास्त्री जी का जन्म कब और कहाँ हुआ?

उत्तर-श्री लाल बहादुर शास्त्री जी का जन्म 2 अक्तूबर, सन् 1904 ई० को बनारस के कस्बे मुगलसराय हुआ।

## निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर एक दो वाक्यों में लिखें:

**(ग) प्रश्न - जेल से आने के बाद लाल बहादुर जी ने कौन सी पढ़ाई पूरी की?**

**उत्तर-जेल से आने के बाद लाल बहादुर जी ने शास्त्री की पढ़ाई पूरी की।**

**(घ) प्रश्न - पुत्री के बीमार होने पर उन्हें कितने दिन के लिए रिहा किया गया?**

**उत्तर-पत्नी के बीमार होने पर उन्हें पन्द्रह दिनों के लिए रिहा किया गया।**

**निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर एक दो वाक्यों में लिखें:**

(ङ) शास्त्री जी का देहान्त कब हुआ?

उत्तर-11 जनवरी, सन् 1966 ई० को शास्त्री जी का देहान्त हुआ।

(च) प्रश्न - शास्त्री जी अपने सिद्धान्तों से समझौता करने को क्या समझते थे ?

उत्तर-शास्त्री जी अपने सिद्धान्तों से समझौता करना आत्मघातक समझते थे

## निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन या चार वाक्यों में लिखें:

**(क) प्रश्न - शास्त्री जी अपने मित्रों से उधार क्यों नहीं माँगना चाहते थे ?**

उत्तर-बचपन से ही अपने बनाए सिद्धांतों पर चलने वाले शास्त्री जी अपने साथी से उधार मांगना अपने गौरव के विरुद्ध समझते थे इसीलिए वह अपने मित्रों से उधार नहीं मांगना चाहते थे।

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन या चार वाक्यों में लिखें:

**(ख) प्रश्न - लाल बहादुर शास्त्री जी ने लिखित शर्तों पर जेल से छूटने से क्यों इन्कार किया ?**

**उत्तर-लाल बहादुर शास्त्री जी जेल में थे जब उन्हें अपनी बेटी के बीमार होने का समाचार मिला। सरकार ने उन्हें | रिहा करने के लिए राजनैतिक आन्दोलन में भाग न लेने की लिखित शर्त रखी। इस पर इस देश के वीर सपूत ने लिखित | शर्तों पर रिहा होने से इन्कार कर दिया।**

## निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन या चार वाक्यों में लिखें:

**(ग) प्रश्न - मौत से जूझते पुत्र को छोड़कर शास्त्री जी वापिस जेल क्यों चले गए?**

**उत्तर-अंग्रेज सरकार ने शास्त्री जी को केवल एक सप्ताह के लिए ही जेल से रिहा किया था टायफायड से ग्रस्त बेटे की सेवा करते हुए सप्ताह बीत गया। अब उन्हें जेल वापिस लौटना था अत: बेटे के लाख मना करने पर भी आजादी के मतवाले शास्त्री जी मौत से जूझते अपने पुत्र को छोड़कर वापिस जेल चले गए।**

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन या चार वाक्यों में लिखें:

**( घ) प्रश्न - लाल बहादुर शास्त्री जी में ऐसे कौन-से गुण थे जिससे वे उच्च पद को प्राप्त कर सके ?**


**उत्तर-साहसी तथा स्वभाव से विनम्र, दृढ़ निश्चयी लगन के पक्के, सिद्धान्तवादी जैसे गुणों के बल पर ही लाल बहादुर शास्त्री प्रधानमंत्री से उच्च पद को प्राप्त कर सके।**


1200 x 1800

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन या चार वाक्यों में लिखें:

**(ङ) लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन से हमें क्या प्रेरणा मिलती है?**

**उत्तर-लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन से हमें प्रेरणा मिलती है कि अगर हमारा निश्चय पक्का है, संकल्प दृढ़ है, तो हम जीवन में कोई भी उच्च पद प्राप्त कर सकते हैं। जीवन में सफलता हमारे कदम चूमेगी।**


जय जवान जय किसान
का नारा देने वाले
गुदड़ी का लाल
को शत शत नमन


भाषा शिक्षण एक कला
धन्यवाद
घर पर रहिए, सुरक्षित रहिए
कंचन वासन
हिंदी अध्यापिका
शाहकोट (जालंधर)